06/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। आठवीं विधानसभा का यह चौथा सत्र है और इसमें 5 बैठकें होंगी। पहले दिन की कार्यवाही राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक के सदन को संबोधित करने के साथ शुरू हुई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट न केवल अगले वर्ष के लिए राज्य के विकास की रणनीतिक दिशा निर्धारित करेगा, बल्कि 2047 तक विकसित अरुणाचल के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्ट्राक्चर और कार्य योजना के रूप में भी काम करेगा। उन्होंने कहा कि रणनीतिक आवंटन के माध्यम से राज्य सरकार का लक्ष्य राज्य की बहुमुखी जरूरतों को पूरा करना, समावेशी विकास और सतत विकास को बढ़ावा देना है। राज्यपाल ने कहा कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर सरकार अरुणाचल प्रदेश में परिवर्तनकारी युग के लिए मंच तैयार करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि विकास का लाभ हमारे समाज के सभी कोनों तक पहुंचे। आज राज्य विधानसभा में चार विधेयक पेश किए गए, जिसके तहत **अरुणाचल प्रदेश अरुण परिवार पत्र प्राधिकरण विधेयक, 2025** भी शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य राज्य के लिए परिवार-केंद्रित नागरिक डेटाबेस स्थापित कर सार्वजनिक कल्याण और सेवाओं के कुशल, पारदर्शी और लक्षित वितरण को सुनिश्चित करके शासन को बेहतर बनाना है। पांच दिवसीय विधानसभा सत्र आगामी 12 मार्च को समाप्त होगा।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा कि सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर जुआ और अवैध चंदा वसूली को रोकने के लिए कई कानून बनाए हैं। उन्होंने सदन को बताया कि सभी जिला प्रशासनों को इन कानूनों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विधायक कुमार वाई द्वारा पेश किए गए एक निजी सदस्य के प्रस्ताव का जवाब देते हुए यह बयान दिया, जिसमें सरकार से लॉटरी टिकट, हाउज़ी टिकट की अनधिकृत बिक्री और अवैध चंदा वसूली को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया गया था। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जुए की समस्या से निपटने के लिए केवल कानून लागू करना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने इन सामाजिक चिंताओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सार्वजनिक जिम्मेदारी, जागरूकता बढ़ाने और नागरिक भावना की आवश्यकता पर जोर दिया।

0000000000000000000

केंद्रीय विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक, बुधवार को जीरो वैली के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों जैसे ग्याती ताका जनरल अस्पताल, इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क, शिवलिंग, मिहिन बागांग सरकारी माध्यमिक विद्यालय, मिनी सचिवालय भवन, जिला प्रशासन और जिले के सभी विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक कर उनके कामकाज की समीक्षा की और अधिकारियों एवं जनता के साथ बातचीत की। केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग, बुनियादी ढांचा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर मुख्य रूप से जोर दिया।

जीरो वैली की अपनी यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा की गई प्रगति की सराहना भी की।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनायक ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर आएं नागालैंड के राज्यपाल ला गणेशन से मुलाकात की। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें दोनों राज्यों के विकास और सुरक्षा से संबंधित प्रमुख मुद्दे शामिल थे। इस अवसर पर राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की ओर से नागा समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों राज्यपालों ने विकास, सांस्कृतिक संबंधों और सुरक्षा में मजबूत सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए दोनों राज्यों के बीच संबंधों को मजबूत करने का आह्वान किया।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाइक, ने राज्य वासियों को उनयिंग आरान त्योहार के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त कि है की, आदी समुदाय का यह उत्सव राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करता रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि, हमारे आदी जनजाति के बुजुर्ग युवा पीढ़ियों को स्वदेशी कृषि प्रथाओं और हमारे बहुमूल्य वनस्पतियों एवं जीवों के संरक्षण को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

0000000000000000000

तवांग उपायुक्त कांगकी दारांग की अध्यक्षता में आज डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले की मासिक जिला स्तरीय नारकोटिक समन्वय समिति (एनसीओआरडी) की बैठक हुई। बैठक के तहत जिले के अपराध रिकॉर्ड और गहन पुलिस गश्त की जानकारी साझा की गई। उल्लेखनीय है कि तवांग पुलिस और अन्य विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में सुरक्षा, पोक्सो और एनडीपीएस से संबंधित मुद्दों पर सक्रिय रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। उपायुक्त ने सभी माता-पिता एवं अभिभावकों से नशीली दवाओं के बारें में बच्चों से खुलकर बात करने का आग्रह किया।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, अपर सुबनसिरी, ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, आंजाव, लोहित, नामसाई और चांगलांग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

000000000000000000